



# ड्राईक्लीनिंग उद्योग में आपका स्वागत है

**संगठन निकाय -** ऑस्ट्रेलिया का ड्राईक्लीनिंग संस्थान - 1300 134 511
www.drycleanersweb.com.au | info@drycleanersweb.com.au
P O Box 432, Blairgowrie Vic 3942

## हमारा लक्ष्य

**ऑस्ट्रेलिया के ड्राईक्लीनिंग संस्थान का लक्ष्य ड्राईक्लीनिंग उद्योग को प्रोत्साहित, पोषित एवं विकसित करना और अपने सदस्यों के हितों का समर्थन करना है।**

## प्रशिक्षण

डीआईए के ऑन-डिमांड प्रशिक्षण वीडियो खरीदने के लिए यहां उपलब्ध हैं:

www.drycleanersweb.com.au

आमने-सामने का प्रशिक्षण यहां उपलब्ध है:

एलडीसीटी

(02) 4954 8065

www.ldct.com.au

26a Pendlebury Road
Cardiff NSW 2285

BUSINESS VICTORIA

इस दस्तावेज को बिज़नेस विक्टोरिया के सहयोग से विकसित किया गया है।

## ड्राईक्लीनिंग क्या है?

ड्राईक्लीनिंग सफाई की एक प्रक्रिया है, जिसमें पानी के बजाय परक्लोरोएथिलीन या हाइड्रोकार्बन जैसे विलायकों का का उपयोग किया जाता है। इसमें कपड़े गीले तो होते हैं, लेकिन इनमें सिकुड़ना या कपड़े में मरोड़ जैसे पानी के प्रभाव पैदा नहीं होते हैं। उदाहरण के लिए, वॉशिंग मशीन में टिश्यू तितर-बितर हो जाता है, लेकिन ड्राईक्लीनिंग मशीन में यह जैसे का वैसा ही रहता है।

विलायक गंदगी, तेल, ग्रीस और कई घरेलू दागों को हटाने में प्रभावी है, खासकर जब इसे विशेष स्पॉटिंग एजेंट्स के साथ इस्तेमाल किया जाए। इस वजह से ड्राईक्लीनिंग नाजुक या संरचित कपड़ों के लिए बेहतरीन होती है, जो सम्भवत: नियमित धुलाई के साथ ठीक नहीं रहते हैं।

ड्राईक्लीनिंग में प्रेसिंग और स्टीम फिनिशिंग भी शामिल है, जिससे कपड़े कम से कम सिकुड़न के साथ सौम्य, पहनने के लिए तैयार दिखाई देते हैं। अक्सर इस अंतिम कदम को सबसे महत्वपूर्ण माना जाता है, क्योंकि ग्राहक उम्मीद करते हैं कि उनके कपड़े नए जैसे दिखेंगे।

यह केवल कपड़ों के लिए ही नहीं है - ड्राईक्लीनिंग पर्दों, रजाइयों और कुशन के खोलों जैसे कपड़ों के लिए भी उपयोगी होती है। यदि कपड़े साफ दिखाई देते हैं, तो भी ड्राईक्लीनिंग ऐसी दिखाई न देने वाली गंदगी और तेलों को दूर कर देती है, जो समय बीतने के साथ-साथ रेशों को नुकसान पहुंचा सकते हैं, और इस वजह से कपड़ों का जीवन कम होने के बजाय अधिक होने में मदद मिलती है।

और अधिक जानकारी के यहां जाएं:
www.drycleanersweb.com.au/resources/technical-information/dia-technical-videos



## कौन से कपड़ों को ड्राईक्लीन किया जा सकता है?

### केयर लेबल से शुरू करें

ऑस्ट्रेलियाई कानून के तहत सभी कपड़ों पर रेशों की *सामग्री और केयर लेबल* लगा होना अनिवार्य है। इन लेबलों की जिम्मेदारी निर्माता या आयातक की होती है और इनका विनियमन ACCC द्वारा किया जाता है। मार्गदर्शन के लिए *ACCC उत्पाद सुरक्षा वेबसाइट पर जाएँ या ऑस्ट्रेलिया के ड्राईक्लीनिंग संस्थान की केयर लेबल संदर्शिका* देखें।

**केयर लेबल नहीं लगा है?**
यदि किसी कपड़े पर कोई भी केयर लेबल नहीं लगा है, तो आगे बढ़ने से पहले स्टाफ के किसी वरिष्ठ सदस्य से परामर्श करने की सलाह दी जाती है। ग्राहक को किसी भी जोखिम के बारे में बताएं, और यदि वे आगे बढ़ने के लिए सहमत हैं, तो उनकी सहमति का दस्तावेजीकरण सुनिश्चित करें।

सबसे सामानय प्रकार के कपड़ों में शामिल हैं:

- प्राकृतिक रेशे, जैसे कपास, लिनन, रेशम, ऊन
- कृत्रिम रेशे, जैसे पॉलिएस्टर, नायलॉन, माइक्रोफाइबर्स
- संयोजन: विस्कोस, रेयॉन, एसिटेट

आमतौर पर इन्हें सुरक्षित रूप से ड्राईक्लीन किया जा सकता है।

**अतिरिक्त बातों के लिए देखें**
बेल्ट, बटन, सजावटों, और असामान्य दागों के साथ अतिरिक्त ध्यान बरतें। देखभाल निर्देशों का हमेशा पालन करें, और ऊंचे जोखिम वाले कपड़ों के लिए ग्राहक के साथ विकल्पों के बारे में बात करें तथा उनकी लिखित स्वीकृति लें।

और अधिक जानकारी के यहां जाएं:
www.drycleanersweb.com.au/resources/technical-information/dia-technical-videos

## अपनी जिम्मेदारियों से अवगत रहें

### ग्राहक सेवा

ड्राई क्लीनिंग में बेहतरीन ग्राहक सेवा प्रदान करना आवश्यक है, क्योंकि ग्राहकों के पास अन्य विकल्प होते हैं। यदि उन्हें आपके द्वारा प्रस्तावित मूल्य नहीं दिखाई देता है तो वे आपके व्यवसाय की परवाह नहीं करेंगे, इसलिए शुरू से ही सशक्त, सकारात्मक प्रभाव डालना महत्वपूर्ण होता है।

कपड़ों का अक्सर भावनात्मक महत्व होता है - लोग कपड़ों को आत्मविश्वास, पहचान और व्यक्तिगत यादों के साथ जोड़ते हैं। इन अर्थपूर्ण कपड़ों के लिए आपके ऊपर एक ड्राईक्लीनर के रूप में भरोसा किया जाता है, इसलिए कपड़ों और ग्राहक दोनों के साथ देखभाल व सम्मान के साथ व्यवहार करना महत्वपूर्ण है।

गलतियाँ हो सकती हैं, चाहे ड्राईक्लीनर की चूक हो, निर्माण में दोष हो, या कुछ ऐसा हो जिसपर ग्राहक ने ध्यान नहीं दिया था। आपकी भूमिका पेशेवर तरीके से स्थिति का आकलन करना, इसे स्पष्ट रूप से समझाना और शिष्टाचार के साथ व्यवहार करना है।

ऑस्ट्रेलियाई उपभोक्ता कानून के तहत समुचित देखभाल और कुशलता के साथ सेवाएँ उपलब्ध कराना अनिवार्य है। यदि ऐसा नहीं होता है, तो ग्राहक के पास समाधान का हक होता है, जो इसपर निर्भर करता है कि समस्या मामूली है या बड़ी है।

और अधिक जानकारी के यहां जाएं:
www.drycleanersweb.com.au/resources/technical-information/dia-technical-videos

*परक्लोरोएथिलीन (perc)*

### ड्राई क्लीनिंग में Perc

ऑस्ट्रेलिया के ड्राई क्लीनिंग संयंत्रों में सबसे अधिक इस्तेमाल किया जाने वाला विलायक perc (परक्लोरोएथिलीन) है। यह कई उद्देश्य पूरा करता है - न केवल एक ड्राई क्लीनिंग एजेंट के रूप में, बल्कि ग्रीस दूर करने वाले विलायक, हीट एक्सचेंज के लिए तरल-पदार्थ और वस्त्र निर्माण में परिशोधन करने, आकार देने और आकार हटाने वाले एजेंट के रूप में भी।

Perc के साथ सही तरीके से संभाल करने पर यह ड्राई क्लीनिंग परिवेश में उपयोग के लिए सुरक्षित होता है। डीआईए ने सुरक्षित कार्यप्रथाओं के समर्थन के लिए एक प्रशिक्षण वीडियो तैयार किया है, जिसमें संयंत्र के अंदर प्रभावी ढंग से perc वाष्पों के प्रबंधन के बारे में स्पष्ट मार्गदर्शन दिया गया है।

और अधिक जानकारी के यहां जाएं:
www.drycleanersweb.com.au/resources/technical-information/dia-technical-videos

### ईपीए विक्टोरिया

Perc के मूल स्वरूप और अपशिष्ट उत्पाद, इन दोनों प्रकृतियों के कारण ऑस्ट्रेलिया के सभी राज्यों और राज्य-क्षेत्रों में संगत Environmental Protection Agencies (EPA) [पर्यावरणीय संरक्षण एजेंसियों (ईपीए)] द्वारा perc को रिपोर्ट करने योग्य प्राथमिकता वाला अपशिष्ट माना जाता है।

***रिपोर्ट करने योग्य प्राथमिकता वाला अपशिष्ट क्या होता है?*** आमतौर पर रिपोर्ट करने योग्य प्राथमिकता वाले अपशिष्ट की प्रकृति खतरनाक होती है। यह प्राथमिकता वाले अपशिष्ट का एक सबसेट (उपवर्ग) है और इसके लिए सबसे ऊँचे स्तर के नियंत्रण लागू होते हैं। इस प्रकार का अपशिष्ट मानव स्वास्थ्य और पर्यावरण के लिए सबसे उंचे स्तर का जोखिम पैदा करता है।

दुकान/संयंत्र के मालिक की जिम्मेदारी है कि वह सही ढंग से अपने perc अपशिष्ट का संग्रहण और निपटान सुनिश्चित करे।

***विक्टोरिया***

1 जून 2021 को सामान्य पर्यावरण शुल्क (General Environmental Duty) के लागूकरण के साथ विक्टोरिया में ईपीए के perc विलायक के प्रबंधन और perc अपशिष्ट के निपटान के बारे में सबसे मजबूत नियम हैं।

सामान्य जानकारी:
https://www.epa.vic.gov.au/

विक्टोरिया में ड्राईक्लीनिंग व्यवसाय को ईपीए के पास रजिस्टर करना अनिवार्य है और उनकी वेबसाइट के माध्यम से यह किया जा सकता है:
https://www.epa.vic.gov.au/for-business/permissions

### ड्रायर सुरक्षा

ड्राईक्लीनिंग संयंत्रों में आग लगने के मुख्य कारणों में से एक कारण स्वत: दहन है - जब सामग्रियों (जैसे लिनन) में गर्मी बढ़ती जाती है और आग लग जाती है, खासकर यदि उनके गर्म रहते हुए ही ढेर लगाया जाए।

गर्म वातावरण में और तेल अवशेषों (जैसे खाना पकाने, मालिश, या मछली के तेल) के साथ सामग्रियों में यह जोखिम बढ़ जाता है। बहुत ही कम संभावना के बावजूद भी स्वत: दहन हो सकता है, खासकर तेल आधारित रंग-रोगन, काठ के दागों और अलसी जैसे सुखाने वाले तेलों के साथ।

**आग को रोकने के लिए:**

- ढेर लगाने से पहले कपड़ों को ठंडा करें।
- तेलयुक्त कपड़ों को गर्म पानी और डिटर्जेंट में अच्छी तरह धोएं।
- तेल से लथपथ कपड़े-लत्तों को सतह पर या धातु के सीलबंद कंटेनर में रखें।
- गर्म कपड़ों को सुखाने बाद इन्हें ढेर में न लगाने की कोशिश करें।

और अधिक जानकारी के यहां जाएं:
www.drycleanersweb.com.au/resources/technical-information/dia-technical-videos